**सं.16015/1/2019-पीएमआई**

**भारत सरकार**

**रसायन और उर्वरक मंत्रालय**

**उर्वरक विभाग**

*****

शास्त्री भवन, नई दिल्ली

दिनांक: 16 अप्रैल, 2025

## कार्यालय ज्ञापन

**विषय: मंत्रिमंडल के लिए मार्च, 2025 माह के मासिक सार के संबंध में।**

अधोहस्ताक्षरी को उर्वरक विभाग का मार्च, 2025 माह का मासिक सार एतदद्वारा सूचनार्थ परिचालित करने का निदेश हुआ है।

2. इसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

**(अनिल फुलवारी)**

निदेशक (पीएमआई)

दूरभाष: 011-23389839

सेवा में,

1. मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य

प्रतिलिपि:

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों के सचिव।
2. निदेशक, मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली-110004
3. सचिव (उर्वरक) के वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव।
4. अनुभाग अधिकारी (आईटी) को उर्वरक विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए।

**विषय: उर्वरक विभाग का मार्च, 2025 माह का मासिक सार।**

**1. माह के दौरान समग्र उत्पादन निष्पादन:**

**(आंकड़े 'लाख मी.टन' में)**

| उत्पाद का नाम | माह के दौरान उत्पादन | इस माह तक संचयी उत्पादन |
|---|---|---|
| यूरिया | 24.78 | 306.67 |
| डीएपी | 1.17 | 37.69 |
| अमोनियम सल्फेट (ए/एस) | 0.72 | 7.76 |
| मिश्रित उर्वरक | 10.02 | 113.28 |
| सिंगल सुपर फॉस्फेट | 4.28 | 52.43 |

स्रोत: dbtfert.nic.in दिनांक 06.03.2025 की स्थिति के अनुसार

**2. माह के दौरान उर्वरकों की आकलित आवश्यकता, उपलब्धता और बिक्री:**

**(आंकड़े 'लाख मी.टन' में)**

| उत्पाद का नाम | आकलित आवश्यकता | उपलब्धता | बिक्री |
|---|---|---|---|
| यूरिया | 15.15 | 72.68 | 16.73 |
| डीएपी | 2.64 | 11.95 | 2.81 |
| एमओपी | 1.35 | 10.42 | 1.60 |
| एनपीके | 7.41 | 40.64 | 6.67 |

आंकड़े डैशबोर्ड से लिए गए है।

**3. माह के दौरान आयातित तैयार उर्वरकों का ब्योरा:**

**(आंकड़े 'लाख मी.टन' में)**

| उत्पाद का नाम | आयातित मात्रा |
|---|---|
| यूरिया | 4.78 |
| कृषि उपयोग हेतु एमओपी | 0.41 |
| डीएपी | 1.50 |
| एनपीके | 3.67 |

4. मार्च, 2025 के दौरान तालचेर उर्वरक परियोजना की वृद्धिशील प्रगति:

(क). **तालचेर इकाई का पुनरुद्धार:**

i. 31 मार्च, 2025 की स्थिति के अनुसार परियोजना की समग्र प्रगति 66.10% है तथा ओएसबीएल पैकेज (कोयला गैसीकरण (सीजी) तथा अमोनिया यूरिया (एयू) के अलावा) की प्रगति 79.89% है। दिनांक 07 मार्च, 2025 को पीडीआईएल ने डब्ल्यूईसीएल, एलएसटीके कॉन्ट्रेक्टर को अंनतिम समयावधि विस्तार प्रदान करने की सिफारिश की है। पीडीआईएल संशोधित समायावधि के कारण लागत निहितार्थ के आकलन हेतु विस्तृत व्यवहार्यता रिपोर्ट (डीएफआर) का अनुशेष तैयार कर रहा है।

ii. कोयला गैसीकरण फ्रेम (सीजीएफ) मुख्य स्टील संरचना असेंबली कुल 07 मंजिलों में से पांचवी मंजिल तक पूर्ण हो गई है। 6वीं और 7वीं मंजिल का निर्माण प्रगति पर है। यूरिया मेन फ्रेम (यूएमएफ) में – कुल सिविल संरचना की ऊंचाई कुल पांच मंजिलों में से चौथी मंजिल तक पहुंच गई है। पांचवी मंजिल पर स्लैब स्कैफोल्डिंग और कॉलम लगाने का कार्य प्रगति पर है।

iii. प्रिलिंग टॉवर की 123 मीटर ऊंचाई में से 106 मीटर तक का निर्माण कार्य हो चुका है।

iv. यूरिया कूलिंग टॉवर (यूसीटी) में सभी छः सेलों के लिए 11 मीटर का शटरिंग कार्य प्रगति पर है। सीटी की कुल ऊंचाई 17 मीटर है।

v. दिनांक 20.03.2025 को आयोजित समीक्षा बैठक में, टीएफएल को टीएफएल परियोजना की प्रगति की निरंतर बारीकी से निगरानी करने के निदेश दिए गए हैं ताकि परियोजना कार्य समय पर पूरा किया जा सके।

5. **व्यय की स्थिति:**

वित्त वर्ष 2024-25 के लिए कुल उपलब्ध बजट अनुमान 168130.81 करोड़ रुपये में से मार्च, 2025 के दौरान उर्वरक सब्सिडी के प्रशासन पर व्यय 8213.38 करोड़ रुपये (यूरिया: 4905.07 करोड़ रुपये, पीएंडके: 3286.96 करोड़ रुपये, स्थापना: 1.47 करोड़ रुपये, डीबीटी: 3.83 करोड़ रुपये, पूंजीगत व्यय: 6.67 करोड़ रुपये और गोबरधन के लिए एमडीए: 9.38 करोड़ रुपये हुआ। अप्रैल 2024 से मार्च, 2025 के दौरान प्रगतिशील व्यय 177224.16 करोड़ रुपये (यूरिया: 124319.50 करोड़ रुपये, पीएंडके: 52810.00 करोड़ रुपये, स्थापना: 40.89 करोड़ रुपये, डीबीटी: 13.15 करोड़ रुपये, पूंजीगत व्यय: 8.06 करोड़ रुपये, गोबरधन के लिए एमडीए: 28 करोड़ रुपये और आरएण्डडी: 4.56 करोड़ रुपये) अर्थात कुल आबंटन का लगभग 99.99% था।

*****